standing that the Canadian M.P. returned with the impression that the level of violance in Jammu and Kashmir has declined and that the people of J&K are weary of such violance. He expressed support for Government's intention to hold elections in J&K in keeping with his belief that the ballot box must be used in any political process.

चीन के कब्जे में भारतीय क्षेत्र

3596. **श्री अनन्तराम जायसवाल** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत और चीन के बीच सीमा विवाद के संबंध में वार्ता हुई है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन मुद्दों पर क्या वार्ता हुई;

(ग) चीन के कब्जे में भारत की कितनी वर्ग किलोमीटर जमीन है और क्या हाल ही में दो देशों के बीच हुई वार्ता में भारत ने भी उक्त भूमि को मुक्त कराने के लिये मुद्दे पर बातचीत की थी और यदि हां, तो तो उसके क्या निष्कर्ष निकले;

(घ) क्या भारत तिब्बत की मुक्ति के संबंध में चीन से विचार-विमर्श करेगा; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक और और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर०एल० भाटिया) : (क) और (ख) भारत और चीन सीमा के निष्पक्ष, उपयुक्त और परस्पर स्वीकार्य समाधान के लिये भारत-चीन संयुक्त कार्य-दल की रूपरेखा के अन्तर्गत विचार-विमर्श चल रहा है ।

(ग) जम्मू एवं कश्मीर में लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्ज में है । इसके अतिरिक्त 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान "सीमा करार" के अन्तर्गत पाकिस्तान ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भारतीय क्षेत्र का लगभग 5120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अवैध रूप से चीन को दे दिया है ।

सीमा के प्रश्न के शांतिपूर्ण समाधान से संबद्ध मसलों पर भारत-चीन संयुक्त कार्यदल की 6 और 7 जुलाई, 1994 को हुई सातवीं बैठक में विचार-विमर्श हुआ ।

(घ) और (ङ) सरकार का विचार यह है कि तिब्बत से संबंध सभी मसलों का समाधान एक ओर चीनी प्राधिकारियों और दूसरी ओर तिब्बती समुदाय द्वारा शांतिपूर्ण वार्ता -जरिये ही किया जा सकता है ।

Exclusion of trade union from Indian delegation to the World Social Summit

3597. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:

SHRI GAYA SINGH:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is fact that representatives of the trade unions affiliaed to the left parties, were kept out of the official delegation to the World Summit on Social Development in Copenhagen; and

(b) if so, the names of the delegates representing India who attended the summit and the criteria adopted in selecting the delegates?